भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 522**

जिसका उत्तर 06.02.2025 को दिया जाना है

**लोक सुरक्षा पर सड़क रखरखाव का प्रभाव**

522. श्री चरनजीत सिंह चन्नी:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या जालंधर में सड़कों की खराब स्थिति के कारण दुर्घटनाओं और जन शिकायतों में वृद्धि हुई है और यदि हां, तो तत्संबंधी व्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार का राज्य सरकार के साथ सड़क रखरखाव और विकास के लिए दीर्घकालिक समाधानों को कार्यान्वित करने के लिए सहयोग करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार की शहरी सड़कों की समयबद्ध मरम्मत और रखरखाव सुनिश्चित करने के लिए सख्त निगरानी तंत्र आरंभ करने की कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी व्यौरा क्या है; और

(घ) विगत तीन वर्षों के दौरान पंजाब में सड़कों की मरम्मत के लिए आवंटित और संवितरित निधि का वर्षवार ब्यौरा क्या है और उनकी उपयोग की स्थिति क्या है?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ग) सरकार का सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) के विकास और रखरखाव के लिए मुख्य रूप से उत्तरदायी है। जालंधर में राष्ट्रीय राजमार्ग को यातायात योग्य स्थिति में रखने के लिए सभी प्रयास किए गए हैं।

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने 485 करोड़ रुपये की लागत से पानीपत-जालंधर खंड में एनएच-44 पर प्रमुख सुधार कार्य शुरू किए हैं; 14.30 करोड़ रुपये की लागत से जालंधर शहर में डकोहा रेलवे क्रॉसिंग के समीप एनएच-44 पर किमी 370.100 पर एलवीयूपी का निर्माण, जिसमें प्रवेश/निकास और अन्य संबंधित कार्य शामिल हैं, जिसे फरवरी, 2023 में पूरा किया गया है। एनएचएआई ने जालंधर-अमृतसर (एनएच-3) से शुरू होने वाले छह लेन वाले जालंधर बाईपास का निर्माण भी शुरू किया है, जिसमें जालंधर-पठानकोट (एनएच-44), जालंधर-होशियारपुर (एनएच-3), जालंधर-लुधियाना (एनएच-44) पर इंटरचेंज शामिल हैं और यह एनएच-703 के जालंधर-मोगा खंड पर समाप्त होता है, ताकि जालंधर शहर के यातायात को काफी हद तक कम किया जा सके।

जालंधर शहर में शहरी सड़कों सहित राज्य की सड़कों का विकास और रखरखाव पंजाब राज्य सरकार की जिम्मेदारी है।

राष्ट्रीय राजमार्गों का विकास और रखरखाव एक सतत प्रक्रिया है। राष्ट्रीय राजमार्गों की स्थिति का आकलन समय-समय पर सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय तथा इसकी विभिन्न कार्यान्वयन एजेंसियों जैसे एनएचएआई, राष्ट्रीय राजमार्ग और अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (एनएचआईडीसीएल), सीमा सड़क संगठन (बीआरओ), लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी)/सड़क निर्माण विभाग (आरसीडी)/राज्य सरकारों/संघ शासित प्रदेशों के निगमों द्वारा किया जाता है। शहरी क्षेत्रों से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों सहित राष्ट्रीय राजमार्गों पर विकास और रखरखाव कार्य समय-समय पर सड़क की स्थिति, पारस्परिक प्राथमिकता और निधि की उपलब्धता के अनुसार किए जाते हैं ताकि राष्ट्रीय राजमार्गों को यातायात योग्य स्थिति में रखा जा सके।

शहरी क्षेत्रों से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों सहित राष्ट्रीय राजमार्गों के उन हिस्सों का रखरखाव और मरम्मत (एम एंड आर), जहां या तो विकास कार्य शुरू हो गए हैं या संचालन, रखरखाव और हस्तांतरण (ओएमटी) रियायतें/ संचालन और रखरखाव (ओ एंड एम) अनुबंध दिए गए हैं, दोष देयता अवधि (डीएलपी)/रियायत अवधि तक संबंधित रियायतग्राहियों/ठेकेदारों की जिम्मेदारी है।

राष्ट्रीय राजमार्गों पर पूर्ण किए गए विकास कार्यों की पर्याप्तता और राष्ट्रीय राजमार्गों की समय पर मरम्मत और रखरखाव सुनिश्चित करने के लिए नेटवर्क सर्वेक्षण वाहन (एनएसवी) तकनीक का उपयोग किया जाता है। इसके अतिरिक्त, एनएचएआई राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की रियायत/अनुबंध समझौतों (सीए) में निर्धारित प्रावधानों के अनुसार एनएचएआई वन ऐप के माध्यम से स्थिति का आकलन (दोषों की पहचान यानी गड्ढे, क्षतिग्रस्त सड़कें इत्यादि) करता है और निर्दिष्ट समय सीमा के भीतर इन दोषों के सुधार की स्थिति की निगरानी भी करता है। इसके अलावा, निर्धारित समय सीमा के भीतर दोष को ठीक करने में रियायतकर्ता/ठेकेदार की ओर से विफलताओं के कारण सीए के प्रावधानों के अनुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाती है।

सरकार राज्य सरकारों, निष्पादन एजेंसियों के साथ विभिन्न स्तरों पर नियमित समीक्षा बैठकें आयोजित करती है ताकि सुधारात्मक कार्रवाई की जा सके और एनएच परियोजनाओं को निर्धारित समय के भीतर पूरा किया जा सके।

(घ) पिछले तीन वर्षों के दौरान पंजाब राज्य में राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास और रखरखाव के लिए आवंटित निधि और किए गए व्यय का ब्यौरा इस प्रकार है:

| वर्ष | आवंटित निधि / व्यय<br>(करोड़ रुपये में) |
|---|---|
| **2021-22** | **7,179** |
| **2022-23** | **10,093** |
| **2023-24** | **12,419** |

*****